अर्थ—मन ही साहसी एव भयकर दुष्ट घोडा है जो चारो ओर दौडता है । मैं उस कन्थक-जाति-मत घोडे को धर्म शिक्षा मे वश मे करता हू ।

असशय महावाहो ! मनो दुर्निग्रह चलम् ।
अभ्यासेन तु कौन्तेय ! वराग्येणच गृह्यते ।। "गीता"

अर्थ—इसमे सशय नही कि मन चचल और वडी कठिनाई से वश मे आने वाला है । यह अभ्यास और वैराग्य के द्वारा पकडा जा सकता है ।

आकारैरिङ्गि तैर्गत्या, चेष्टया भाषणेन च ।
नेत्र वक्त्र विकारेण, लक्ष्यतेऽन्तर्गत मन ।।

अर्थ—आकृति, इगित गति, चेष्टा, भाषण नेत्र और मुख विकार मे अन्तर्गत मन को जाना जाता है ।

अर्थ—मकार आदि वाली ये दश अत्यन्त चचल है, मन, मधुकर, मेघ, मानिनी, मदन, मरुत, मर्कट मा—लक्ष्मी, मद, और मत्स्य।

चचल ही मन कृष्ण ! प्रमाथि वलवद् दृढम्।
तस्याह निग्रह मन्ये, वायोरिव सुदुष्करम्। गीता

अर्थ—यह चचल मन जवर्दस्ती दृढता से मुझको आलोडित कर दिया है। मैं वायु की तरह उसका निग्रह अत्यन्त कठिन मानता हू।

मणो साहसिओ भीमो दुट्ठसो परिधावई।
त मम्मतु निगिह्लामि, धम्म सिक्खाइ कथग।।

"उत्तराध्ययन"

अर्थ—मन ही साहसी एव भयकर दुष्ट घोडा है जो चारो ओर दौडता है। मैं उस कन्थक-जाति-मत घोडे को धर्म शिक्षा से वश मे करता हू।

असशय महाबाहो ! मनो दुर्निग्रह चलम्।
अभ्यासेन तु कौन्तेय ! वराग्येणाच गृह्यते।। "गीता"

अर्थ—इसमे सशय नही कि मन चचल और वडी कठिनाई से वश मे आने वाला है। यह अभ्यास और वैराग्य के द्वारा पकडा जा सकता है।

आकारैरिङ्गि तैर्गत्या, चेष्टया भाषणेन च।
नेत्र वक्त्र विकारेण, लक्ष्यतेऽन्तर्गत मन।।

अर्थ—आकृति, इगित गति, चेष्टा, भाषण नेत्र और मुख विकार मे अन्तर्गत मन को जाना जाता है।

मन जावे तो जाण दे, दृढ कर राख शरीर ।
खैंचे विन कमान के, किस विध निकसे तीर ॥

मन सब पर असवार है, मन का मता अनेक ।
जो मन पर असवार है, सो लाखन मे एक ॥
मन मतग माने नही, जब लग खता न खाय ।
जैसा विधवा नार के, गर्भ रहे पछताय ॥

इक साधे सब सधत है, सब साधे सब जाय ।
जो तू सीचो मूल को, फूलहि फलहि सवाय ॥

ब्रह्मा वाहन हस किया, विष्णु गरुड असवारी रे ।
शिव का वाहन वैल बना है, मूषक गणेश गुणधारी रे ।
मन वाहन पर वैठे विरला, वानर की वलिहारी रे ॥

सूक्ति

साधना के लिए वन वन मे भटकना व्यर्थ, घर मे ही मन साधना से सब कुछ सिद्ध हो जाता है ।

क्या जप और तप ? मन शुद्धि के विना सब व्यर्थ ।

कोई विविध-शास्त्रो मे पारगत क्यो न हो जाय ! किन्तु जब तक मनो निग्रह मे प्रवीण नही हो जाता, तब तक किसी अच्छे परिणाम की आशा व्यर्थ ।

क्षान्त्या शुध्यन्ति विद्वांसो, दानेनाकार्य कारिण ।
प्रच्छन्न पापा जापेन, तपसा सर्व एवहि ।।

अर्थ—क्षमा भाव से विद्वान् शुद्ध होते हैं, और दान से अनुचित कार्य करने वाले। छिपकर पाप करने वाले जप से और तप से सभी पाप धुल जाते है।

नन्दीषेण दृढ प्रहारि-जुठला अन्यो मुनि दण्डण ।
चाण्डालो हरि केशिनाम विदितो भूप प्रदेशी तथा ।।
एकस्त्री नर पट्कहा प्रतिदिन क्रूरोऽर्जुनोमालिक ।
कृत्वा क्षातियुत तपो, हतमला एते गता सद्गतिम् ।।

अर्थ—नन्दीसेन, दृढ प्रहारिचोर, जुठल श्रावक, मुनि ढंढन, चाण्डाल कुलीन हरि केशिमुनि, राजा प्रदेशी एक स्त्री और ६ पुरुषों को प्रतिदिन मारने वाला क्रूर अर्जुनमाली इन सब ने शान्ति युक्त तप से कर्म मल को नष्ट करके सदगति को प्राप्त किया।

तव नारायण जुत्तेण भित्तुण कम्म कञ्चुय ।
मुणी विगय संगामो, भवाओ परिमुच्चय ।।

''उत्तराध्ययन'

अर्थ—तप रूपी बाण से कर्मरूपी कंचुक-कवच को भेदन कर दो। जिनसे जीवन संग्राम मे पूर्ण विजय प्राप्त कर, महान मार्ग-मुक्ति पथ पर प्रयाण करो।

यद्दुस्तर यद्दुराप यद्दुर्गं यच्च दुष्करम् ।
सर्व तत् तपसा साध्य, तपो हि दुरतिक्रमम् ।।

अर्थ—जो कि दुस्तर-कठिनता से पार करने योग्य, दुराराप-कठिनाई से पाने योग्य, जो दुर्ग-कठिन और दुष्कर है, वे सब तप से सिद्ध हो जाते हैं क्योकि तप दुरतिक्रम-टालने योग्य नही होता है अर्थात् तपस्या से साध्य की सिद्धि हुए बिना नही रहती ।

"भव कोडी सचिय कम्म, तवसा निज्जरज्जइ" ।

अर्थात्—तपस्या से करोडो भव के सचित कर्म नष्ट हो जाते हैं ।

'असिधारा गमण चेव, दुक्कर चरिउ तवो" ।

अर्थात्—तलवार पर चलने की तरह तपश्चरण दुष्कर है ।

— सूक्ति —

जैसे अग्नि पर चढने से स्वर्ण का मैल जल जाता है, वैसे तपाग्नि मे तप कर आत्मिक मल का भी विनाश हो जाता है ।

तपस्या से ऐसा कोई भी साध्य नही जो सिद्ध नही होता ।

वस्तुत महानता की कसौटी तपस्या ही है ।

ससार मे जो जितने बडे महान् पुरुष हुए, उन्होने जीवन मे उतना ही अधिक तप किया ।

समाराऽऽसक्त चित्ताना, मृत्युभीत्यै भवेन्नृणाम् ।
मोदायते पुन सोऽपि, ज्ञान वैराग्य सभृताम् ।।

अर्थ—ससार मे आसक्त मन वाले मनुष्यो के डर के लिये मृत्यु है। मगर वही मृत्यु ज्ञान वैराग्य से भरे जनो के लिए प्रसन्नता देने वाली होती है।

य य वाऽपि स्मरन्, भाव, त्यजन्त्यन्ते कलेवर ।
त तमेवैति कौन्तेय ! सदा तद्भावभावित ।।

अर्थ—जिन-जिन भावो को स्मरण करते हुए हे अर्जुन ! अन्त मे आत्मा शरीर छोडता है, वह उस भाव से भावित होने के कारण उसी शरीर को प्राप्त करता है।

अन्तो मुहुत्तमि गए, अन्तोमुहुत्तम्मि सेसए चेव ।
लेसाहिं परिणयाहिं जीवा गच्छन्ति परलोयम् ।।

अर्थ—अन्तर्मुहूर्त बीतने पर और अतर्मुहूर्त शेष रहने पर, शुभ लेश्याओ मे परिणत जीव परलोक को जाता है।

मर्तव्यमिति यद्दुःख, पुरुषस्योपजायते ।
शक्यस्तेनानुमानेन, परोऽपि परिरक्षितुम् ।।

अर्थ—इस ससार मे मरूगा इसका जितना दु ख पुरुष को होता है, उसी अनुमान से दूसरे की रक्षा करनी भी शक्य है।

वर प्रवेष्टु ज्वलित हुताशन, न चापि भग्न चिरसचित व्रत ।
वरहि मृत्यु सुविशुद्ध चेतस न चापि शीलस्खलितस्य जीवनम ।

अर्थ—प्रज्वलित अग्नि मे प्रवेश करना श्रेष्ठ है किन्तु चिर सचित व्रत को तोडना ठीक नही। विशुद्ध हृदय का मरण ठीक किन्तु भ्रष्ट सदाचारी जीवन ठीक नही।

— सूक्ति —

अगर ससार मे मृत्यु नही होती, तो न जाने जुल्म क्या-क्या नही होते ?

मृत्यु ही के डर से लोग फू क-फू क कर कदम रखते है ।

मैं क्या था, यह मरने के बाद ही प्रमाणित होता है ।

आप मृत्यु को सुधार सकें तो जीवन सुधरा समझिये ।

— — — —

२०

भाग्य

भाग्य फलति सर्वत्र, न विद्या न च पौरुषम् ।
समुद्रमथनाल्लेभे हरिर्लक्ष्मी हरो विषम् ।।

अर्थ—सब जगह भाग्य ही फलता है विद्या एवं पुरुषार्थ नहीं। समुद्र का मन्थन करने से भाग्यानुसार हरि को लक्ष्मी एवं महादेव को जहर मिला।

पत्रं नैव यदा करीर विटपे दोषो वसन्तस्य किं ।
नोलकोऽप्यवलोकते यदि दिवा सूर्यस्य किं दूषणम् ।
वर्षा नैव पतन्ति चातकमुखे मेघस्य किं दूषणं ।
यत्पूर्वं विधिना ललाट लिखितं तन्मार्जितुं कः क्षमः ।।

"चाणक्य नीति"

अर्थ—करीर वृक्ष पर पत्र नहीं आते, इसमे वसन्त ऋतु का क्या दोष? उल्लू दिन मे नहीं देखता, इसमे सूर्य का क्या दोष? चातक पक्षी के मुख मे मेघ की धारा नही जाती। (उसके गले मे छिद्र होता है) इसमे मेघ का क्या दोष? पहले ही विधि द्वारा लिखे गये कपाल लेखो को कोई नही मिटा सकता।

नृपस्य चित्त कृपरणस्य वित्त, मनोरथ दुर्जनमानसानाम् ।
स्त्रियश्चरित्र पुरुषस्य भाग्य, देवो न जानाति कुतो मनुष्य ।।

'सुभाषितरत्न भाण्डागार'

अर्थ—राजा का चित्त, कृपरण का धन, दुर्जनो का मनोरथ, स्त्री का चरित्र और पुरुष का भाग्य-इन सबको देवता भी नही जान सकता, मनुष्य की तो बात ही क्या ?

अरक्षित तिष्ठति दैवरक्षित, सुरक्षित दैवहत विनश्यति ।
जीवत्यनाथोऽपि वने विसर्जित, कृतप्रयत्नोऽपि गृहे न जीवति ।।

अर्थ—भाग्य से रक्षित विना किसी और रक्षा के भी रह जाता है, और सर्वथा सुरक्षित भाग्यहत व्यक्ति नष्ट हो जाता है। वन मे छोडा हुआ अनाथ भी वच जाता है तथा वहुत यत्न करने पर भी घर मे नही वचता ।

भग्नाशस्यकरण्ड पीडिततनोम्लनिन्द्रियस्य क्षुधा ।
कृत्वाखुर्विवर स्वय निपतितो नक्त मुखे भोगिन ।।
तृप्तस्तत्पिशितेन सत्वरमसौ तेनैव यात पथा ।
लोका पश्यत दैवमेव हि नृणा वृद्धौ क्षये कारणम् ।।

"भर्तृहरि-नीतिशतक"

अर्थ—भूख से म्लान इन्द्रियो वाला निराश एक साँप पिटारी मे पडा हुआ है। चूहा आया और पिटारी को काटकर अन्दर घुसा कि सीधा साप के मुख मे जा पडा। साँप उसके मास से तृप्त होकर उसी के किये हुए मार्ग से निकल कर चला गया। लोगो ! देखो, वृद्धि और हानि मे भाग्य ही मुख्य कारण है उद्यम नही ।

प्राप्तव्यो नियति बलाश्रयेण योऽयं ,
सोऽवश्य भवति नृणा शुभोऽशुभो वा ।
भूताना महतिकृतेऽपि प्रयत्ने,
नाभाव्य भवति न भाविनोऽस्ति नाश ॥

अर्थ—भाग्य के बल से जो अर्थ प्राप्त होने योग्य है, वह चाहे शुभ या अशुभ हो, अवश्य प्राप्त होता है। प्राणियों के द्वारा अत्यन्त प्रयत्न किए जाने पर भी नहीं होने वाला कार्य नहीं होता और न भावी का ही नाश होता है।

नहि भवति यन्न भाव्य, भवति च भाव्य विनाऽपियत्नेन ।
करतलगतमपि न पूयति, यस्यतु भवितव्यता नास्ति ॥

अर्थ—जो होनहार नही है, नही होता है और होनहार बिना यत्न के भी हो जाता है। हाथ मे आया भी नही प्राप्त होता जिसकी भवितव्यता नही है।

तादृशी जायते बुद्धि, र्व्यवसायोऽपि तादृश ।
सहाया तादृशाश्चैव, यादृशी भवितव्यता ॥

अर्थ—जैसी भवितव्यता होती है, वैसी ही बुद्धि, व्यवसाय और सहायक भी मिल जाते है।

अवश्य भावि भावाना, प्रतीकारो भवेद्यदि ।
तदा दुखैर्न लिप्येरन् नल-राम-युधिष्ठिरा ॥

अर्थ—अवश्य होने वाली बात का यदि कोई प्रतीकार होता तब नल राम और युधिष्ठिर दु खो से लिप्त नही होते।

पूर्व जन्म कृत कर्म तद्दैवमिति कथ्यते ।
तस्मात् पुरुषकारेण विनादैव न सिध्यति ॥

अर्थ—पूर्व जन्म के किये कर्म को ही दैव (भाग्य) कहते है। अत पुरुषार्थ के विना भाग्य भी सिद्ध नही होता।

अवश्य भाविनो भावा, भवन्ति महतामपि।
नग्नत्व नीलकण्ठस्य, महाहिशयन हरे ॥

"हितोपदेश"

अर्थ—होनहार भाव होकर ही रहते है, महापुरुष भी उनसे नही वच सकते। देखिये—महादेव नगे रहते है और विष्णु महा सर्प पर सोते है।

उदयति यदि भानु पश्चिमाया दिशाया।
विकसति यदि पद्म पर्वताग्रे शिलायाम्।
प्रचलति यदि मेरु शीतता याति वह्नि।
स्तदपि न चलतीय भाविनी कर्म-रेखा।

'सुभाषितरत्न भाण्डागार"

अर्थ—चाहे सूर्य पश्चिम दिशा मे उग जाय कमल पर्वत की शिला पर खिल जाय, हवा से मेरु पर्वत चलित हो जाय और अग्नि शीतल हो जाय तो भी भाविनी कर्म-रेखा विचलित नही होती।

आरोहतु गिरि-शृ ग, तरतु समुद्र प्रयातु पाताल।
विधि लिखिताक्षरमाल, फलति कपाल च भूपाल ॥

अर्थ—पर्वत की चोटी पर चढें, समुद्र को तरें, पाताल को जायें मगर कपाल पर लिखी विधि लिपि फलती है, चाहे राजा ही क्यो न हो ?

नैवाकृति फलति नैव कुल न शील,
विद्यापि नैव न च यत्नकृतापि सेवा।

वने रणे शत्रुजलाग्निमध्ये, महार्णवे पर्वतमग्तके वा ।
सुप्त प्रमत्त विपमम्थित वा, रक्षन्ति पुण्यानि पुराकृतानि ।।

'भतृ हरि नीतिशतक"

अथ—वन मे, रणभूमि मे, शत्रुओ मे जल मे, अग्नि मे, बडे समुद्र मे, पर्वतो के शिखर पर, सोते समय, प्रमाद की अवस्था मे, विपम परिस्थिति मे–इन सब प्रसगो मे पूर्वसचित पुण्य ही रक्षा करते है ।

भीम वन भवति तस्य पुर प्रधान,
सर्वो जन सुजनतामुपयाति तस्य ।
कृत्स्ना च भूर्भवति सन्निधिरत्नपूर्णा,
यस्यास्ति पूर्वसुकृत विपुल नरस्य भर्तृहरिनीतिशतक"

अर्थ—जिसके पूर्वकृत पुण्यविपुल होता है उसके भयकर जगल अच्छा नगर वन जाता है, सब लोग उसके लिए भले वन जाते है और सारी पृथ्वी रत्नमयी वन जाती है ।

— पद्य —

लूखै धान न धापता, ल्यास पलासा तेल ।
मीरो ही वादी करै, देख दई का खेल ॥

राजस्थानी दोहा

सुनहु भरत भावी प्रवल, विलखि कहेउ मुनिनाथ ।
हानि लाभ जीवन मरण, जस अपजस विधि हाथ ॥

रामचरित मानस

कर्म कमण्डलु कर लिए, तुलसी जह जह जाय ।
सागर सरिता कूप जल, बूद न अधिक समाय ॥

मान सरोवर माय, वक, मराल भेला वसै ।
खाज आपणे खाय, भाग प्रमाणे भेरिया ॥ "सोरठा सग्रह"

मुकद्दर का लिखा मिटता नही आँसू वहाने से ।
यह वह होनी हैं जो होकर रहेगी हर वहाने से ॥ "साहिर"

इन्सान समझता है कि तदवीर है सब कुछ ।
मजबूरियाँ कहती हैं कि तकदीर भी कुछ है ॥ "अर्श"

किस्मत मे जो लिखा है, वह आएगा आपसे ।
फैलाइए न हाथ न, दामन पसारिये ॥

— सूक्ति —

इतनी वडी पृथ्वी मे भाग्य के मारे को कही भी स्थान नही मिलता ।
भाग्य की प्रवलता के आगे किसी का कुछ भी नही चलता ।
आप कुछ भी करे, भाग्य के आगे हार माननी ही होगी ।

२१

पुरुषार्थ

उद्यम साहस धैर्य, बल बुद्धि पराक्रम ।
षडेते यत्र विद्यन्ते, तस्माद् देवो ऽपि शङ्कते ।। 'सुभाषित'

अर्थ—उद्यम, साहस, धैर्य बल बुद्धि और पराक्रम ये छः जिसके पास होते हैं, उससे देव भी डरता है ।

उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथैः ।
नहि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मुखे मृगा ।।

अर्थ—उद्यम करने से ही कार्य सिद्ध होते हैं, मनोरथ मात्र से नहीं । सोए हुए सिंह के मुख में मृग स्वयं नहीं घुसता । सिंह को मृग पकडने के लिए उद्यम-पुरुषार्थ करना पडता है ।

उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी,
दैवेन देयमिति कापुरुषा वदन्ति ।
दैवं विहाय कुरु पौरुषमात्मशक्त्या,
यत्ने कृते यदि न सिद्ध्यति कोऽत्र दोषः ।।

अर्थ—उद्योगी पुरुषसिंह को लक्ष्मी प्राप्त करती है । भाग्य देगा ऐसे कायर पुरुष बोलते है । भाग्य को हटा कर अपनी शक्ति से पौरुष करो । यदि यत्न करने पर भी सिद्धि न मिले तो फिर इसमें कौन दोष ?

कलि शयानो भवति, सजिहानस्तु द्वापर ।
उत्तिष्ठस्त्रेता भवति, कृत सपद्यते चरन् ।।

अर्थ—सोने वाला कलियुग होता है, निद्रात्यागी द्वापर, खडा होने वाला त्रेता तथा श्रम-पुरुषार्थ करने वाला सत्ययुग वन जाता है ।

निपानमिव मण्डूका, सर पूर्णमिवाण्डजा ।
सोद्योग नरमायान्ति, विवशा सर्व सम्पद ।।

अर्थ—जैसे छोटे २ मेढक छोटे छोटे तलैया मे जाते है, पक्षिया सरोवरो मे जाती है, वैसे उद्योगी-पुरुषार्थी पुरुषों के पास सारी सम्पत्तिया विवश होकर जाती है ।

यज्जीवति क्षणमपि प्रथित मनुष्यै,
विज्ञान विक्रम यशोभिरभज्यमानम् ।
तन्नाम जीवितमिह प्रवदन्ति तज्ज्ञा,
काको ऽपि जीवति चिराय वलिच भुड् क्ते ।।

अर्थ—ज्ञान, पराक्रम-पुरुषार्थ एव कीर्ति के साथ मनुष्यो मे प्रसिद्ध होकर जो इस ससार मे क्षण भर भी जीता है विद्वान् लोग उसीके जीवन को जीवन कहते हैं । यो तो कौआ भी वलि खाकर जीता है ।

काष्ठादग्नि जायते मथ्यमानाद्, भूमिस्तोय खन्यमाना ददाति,
सोत्साहाना नास्त्यसाध्य नराणा, मार्गारब्धा सर्वयात्रा फलन्ति ।

भास

अर्थ—लकडी से अग्नि मथने पर निकलती है और खोदने पर भूमि से पानी निकलता है । मार्ग पर निरन्तर चलते रहने से सभी यात्राए सफल होती है । वस्तुत उत्साही-पुरुषार्थी व्यक्तियो के लिए ससार मे कोई भी कार्य असाध्य नही है ।

जरा दरिया की तह तक, पहुँच जाने की हिम्मत कर।
तो फिर ऐ डूबने वाले, किनारा ही किनारा है॥

सर शमा सा कटाइए, पर दम न मारिए।
मंजिल हजार दूर हो, हिम्मत न हारिए॥ आजाद

कदम चूम लेती है खुद आके मंजिल।
मुसाफिर अगर आप, हिम्मत न हारे॥

— सूक्ति —

पुरुषार्थ नर को नारायण बना देता है

ऐसी कोई भी समस्या नही, जिसे पुरुषार्थी सुलझा न लेता हो।

पुरुषार्थ को पकडे रहिए सभी मुश्किल आसान हो जाएगे।

२२

कर्म

ब्रह्मा येन कुलालवन्नियमितो ब्रह्माण्ड भाण्डोदरे,
विष्णुर्येन दशावतारगहने क्षिप्तो महासकटे ।
रुद्रो येन कपालपाणि पुटके भिक्षाटन कारित',
सूर्यो भ्राम्यति नित्यमेव गगने तस्मै नम कर्मणे ।।

भर्तृहरि-नीतिशतक

अर्थ—जिस कर्म ने ब्रह्मा को कुम्हारवत् सृष्टि रचना मे नियत किया विष्णु को दश अवतार लेने के सकट मे डाला, रुद्र को खोपडी हाथ मे लेकर भीख मागने का दु ख दिया और जिसके बल से सूर्यदेव सदा आकाश मे भ्रमण करता है, उस कर्म को हमारा नमस्कार है ।

वैद्या वदन्ति कफ-पित्त-मरुद्विकार,
ज्योति-र्विदो ग्रहगण परिवर्तयन्ति ।
भूताभिषङ्ग इति भूतविदो वदन्ति,
प्राचीनकर्म वलवन् मुनयो वदन्ति ।।

सुभाषित रत्नभाण्डागार

अर्थ—जिसको वैद्य कफ, पित्त और वायु का विकार (रोग) कहते है, ज्योतिषी लोग ग्रह गणो का चक्र वतलाते है और भूतवादी भूतो का लगाव मानते है । ज्ञानी मुनि उसी को पूर्वकृत कर्म वलवान् है और सब उसी का दोष है-ऐसा कहते हैं ।

अवश्यमेव भोक्तव्य, कृत कर्म शुभाशुभम् ।
नाभुक्त क्षीयते कम, कल्पकोटिशतैरपि ।।

"विक्रम चरित्र"

अर्थ—भोगे बिना करोड़ो कल्पो मे भी कर्मों का क्षय नही होता। किये हुए शुभा-शुभ कम अवश्य भोगने ही पड़ते है।

इत एक नवते कल्पे, शक्त्या मे पुरुषो हत ।
तस्य कर्म विपाकेन, पादे विद्धोऽस्मि भिक्षव ।।

महात्मा बुद्ध

अर्थ—अब से इक्यानवे कल्प पहले मेरी शक्ति द्वारा एक पुरुष मारा गया था। उसके कम-विपाक मे हे भिक्षुओ! मेरा पैर काँटे मे बींधा गया है।

यथा धेनुसहस्रेषु, वत्सो विन्दति मातरम् ।
तथैवेह कृत कर्म, कर्तारमनुगच्छति ।।

'चाणक्यनीति"

अर्थ—जैसे हजारो गायो के होने पर भी बछड़ा सीधा अपनी माता के पास जाता है, उसी प्रकार इस ससार मे कृत-कर्म भी अपने कर्ता का ही अनुसरण करता है अर्थात् उसी को सुख-दु ख रूप फल देता है।

नमस्यामो देवान् ननुहतविधेस्तेऽपि वशगा ।
विधिर्वंद्य सोऽपि प्रतिनियत कर्मैक फलद ।।
फल कर्मायत्त यदि किमपरै किं च विधिना ।
नमस्तद् कर्मभ्य प्रभवति चयेभ्यो विधिरपि ।।

अर्थ—क्या देवो को हम सब नमस्कार करें तो निश्चय वे भी दुर्भाग्य के वश मे है। भाग्य वन्दन के योग्य है तो वह भी पूर्वकृत के अनुकूल फल देने

वाला है। फल जब कर्म के अधीन है तो दूसरो से क्या और भाग्य से क्या ? उसी कर्म के लिए नमस्कार है जिससे भाग्य भी प्रभावित होता है।

यथा यथा पूर्व कृतस्य कर्मण फलं निदानस्थमिहोपतिष्ठते ।
तथा तथा पूर्वकृतानुसारिणी, प्रदीप हस्तेव मति प्रवर्तते ।।

अर्थ—जैसे२ पूर्वकृत कर्म के फल का निदान करने को यहा उपस्थित होते हैं, वैसे२ पूर्व कृत के अनुसरण करने वाली बुद्धि हाथ मे दीप लिए प्रवृत्ति करती है।

स्वकर्मणायुक्त एवसर्वोह्यु त्पद्यते जन ।
स तथा कृष्यते तेन न यथा स्वयमिच्छति ।।

अर्थ—अपने कर्म से युक्त ही सभी जन उत्पन्न होते हैं वे उस कर्म के द्वारा ऐसे खीच लिए जाते है जैसा कि वे स्वय नही चाहते है।

नीचैर्गोत्रावतारश्चरमजिनपते मल्लिनाथेऽबलात्व ।
मान्ध्य श्री ब्रह्मदत्ते भरत नृप जय सर्वनाशश्च कृष्णे ।
निर्वाण नारदेऽपि प्रशम परिणति स्याच्चिलाती सुते वा ।
त्रैलोक्याश्चर्य हेतुर्जयति विजयिनि कर्म निर्माण शक्ति ।।

अर्थ—अन्तिम तीर्थंकर का नीचे गोत्र मे अवतार, मल्लिनाथ मे नारीत्व का प्रभाव, श्री ब्रह्मदत्त मे अन्धता, कृष्ण मे भारतीय नृपति के जय मे सर्वनाश, नारद मे भी निर्वाण, चिलाती सुत मे प्रशम की परिणति इस तरह त्रिलोक आश्चर्य का कारण विजयिनी कर्म निर्माण की शक्ति की जय हो।

— पद्य —

तारो की ज्योति मे चन्द्र छिपे नही, सूर्य छिपे नही बादल छाये ।
इन्द्र की घोर से मोर छिपे नही, सर्प छिपे नही पूगी बजाये ।।

जग जुरे रजपूत छिपे नहीं, दाग छिपे नहीं नाग डसाण ।
जोगी का वेष अनेक करो पर कर्म छुपे न भभूति रमाण ॥

आडी न आवे मायडी, आडा न आवे बाप ।
किया कर्म जो भोगवे, भुगते आपो आप ॥

किए सब माहि बांधीया, दिए सब उदय में आय ।
ऐसा समझ कर हे नर ! कर्म बाध तू नाय ॥

कर्म प्रताप तुरग नचावत, कर्म से छत्रपतीपत होई ।
कर्म से पूत सपूत कहावत, कर्म से और बडो नहीं कोई ।
कर्म फिर्यो जब रावण को, तब सोने की लङ्का पलक में खोई ।
आप बडाई कहा करे मूरख कर्म करे सो करे नहिं कोई ॥

कर्म कमण्डल कर लिये, तुलसी जहं तहं जात ।
सागर सरिता कूप जल, अधिक न बूंद समात ॥

—सूक्ति—

कर्म बलवान् है, कोई भी इसके आगे अपना प्रभुत्व नहीं दिखा सकता ।

कर्म फल सबको भोगना पडता है ।

२३

काल और कलिकाल

काल सृजति भूतानि, कालः सहरते प्रजा ।
काल सुप्तेषु जार्गति, कालोऽय दुरतिक्रम ।।

महाभारत आदिपर्व

अर्थ—काल ही प्राणियो को उत्पन्न करता है और काल ही प्रजा का सहार करता है। सारी दुनिया के सो जाने पर भी काल जागृत रहता है अत यह काल दुरतिक्रम है अर्थात् टालने योग्य नही है।

प्रातर्द्यूत प्रसङ्गेन, मध्याह्ने स्त्रीप्रसङ्गत ।
रात्रौ चौर प्रसङ्गेन, कालोगच्छति धीमताम् ।।

चाणक्यनीति ९।११

अथ—बुद्धिमान् प्रात काल द्यूत-प्रसङ्ग (महाभारत की कथा) मे मध्याह्न स्त्री प्रसङ्ग (रामायण) से और रात्रि चोर (कृष्ण) के प्रसङ्ग मे काल व्यतीत करते है।

फलति वृक्षा कालेन, काले वीर्यमवाप्यते ।
काले पुष्पवती नारी सर्व कालेन जायते ।।

अथ – समय पर वृक्ष फलता है, समय पर बल की प्राप्ति होती है, समय पर नारी गर्भवती होती है, इस तरह सब कुछ समय पर ही होता है।

पुरन्दर सहस्राणि, चक्रवर्तिशतानि च ।
निर्वापितानि कालेन, प्रदीपा इव वायुना ।।

अर्थ—हजारों इन्द्र, सैकड़ों चक्रवर्ती समय के द्वारा बुझा—मिटा दिए गए जैसे वायु के द्वारा प्रदीप ।

भ्रात कष्टमहो महान् स नृपति, सामन्त चक्र च तत् ।
पार्श्वे सा च विदग्धराज परिषत्, ताश्चन्द्रबिम्बानना ।।
उन्मत्त स च राजपुत्र निवहस्ते बन्दिनस्ता कथा ।
सर्व यस्य वशादगात् स्मृतिपथ, कालाय तस्मै नम ।।

अर्थ—हे भाई ! बहुत दुःख है कि वह महान् राजा, जिसको सामन्त और चक्री घेरे रहते थे, जिसके बगल में श्रेष्ठ विद्वानों की परिषद् बैठती थी, वे चन्द्रमुखियां वे उन्मत्त राजपुत्रों के समूह, वे बंदीजन तथा उनकी वे कथाएँ जिनके बल से स्मृति की वस्तु बन गयी, उस काल को नमस्कार है ।

ब्रह्मा विश्नुदिने याति, विष्णू रुद्रस्य वासरे ।
ईश्वरस्य तथा सोऽपि, क कालं लंघितु क्षम ।।

अर्थ— ब्रह्मा विष्णु के दिन में मिलते है और विष्णु रुद्र के दिन में तथा रुद्र विष्णु के दिन में याने काल का उल्लंघन कौन करने में समर्थ है ?

जात सूर्यकुले, पिता दशरथ क्षौणीभुजामग्रणी,
सीता सत्यपरायणा प्रणयिनी, यस्यानुजो लक्ष्मण ।
दोर्दण्डेन समो न चास्ति भुवने, प्रत्यक्ष विष्णु स्वय,
रामोयेन विडम्बितोऽपि विधिना चान्ये जने का कथा ।।

अर्थ—सूर्यवंश में उत्पन्न हुआ, पिता दशरथ जो कि पृथ्वी पतियों में अग्रणी

थे, और सत्य परायणा सीता जिनकी प्रणयिनी थी, लक्ष्मण जिसके छोटे भाई थे, जिनके धनुष का कोई जोड नही था। जो कि स्वय विष्णु थे ऐसे राम भी जिस कालके द्वारा विडम्बित हुए, दूसरे लोगो मे तो वात ही क्या ?

अशन मे वसन मे, दारा मे बन्धुवर्गो मे
इति मे मे कुर्वाणा, कालवृको हन्ति पुरुषाजम् ।।

अर्थ—मुझे भोजन है, मुझे वस्त्र है मुझे पत्नी है और बन्धुवर्ग है—इस तरह मे मे करने वाले पुरुष छाग को काल वृक मार देता है।

कलिकाल—

दाता दरिद्री, कृपणोधनाढ्य , पापीचिरायु सुकृतिर्गतायु ।
कुले च दास्य, अकुले च राज्य, कलौयुगे षडगुणमावहन्ति ।।

अर्थ—दाता गरीव, कृपण धनवान्, पापी दीर्घजीवी और पुण्यशील अल्पायु, कुलीनो मे दासता और अकुल मे राज्य ये छ गुण कलियुग मे प्राप्त होते हैं।

सीदन्ति सन्तो विलसन्त्यसन्त , पुत्रा म्रियन्ते जनकश्चिरायु. ।
परेषु मैत्री स्वजनेषु वैर, पश्यन्तु लोका कलिकौतुकानि ।।
—सुभापितरत्नभाण्डागार

अर्थ—सँत दु ख पा रहे हैं, असन्त मौज उडा रहे है, पुत्र मर रहे हैं। पिता चिरायु हो रहे है तथा दुश्मन से मित्रता हो रही है एवँ स्वजनो से वैर वढ रहा है। लोगो! देखो—ये सव कलिकाल के कौतुक हैं।

न देवे देवत्व कपट—पटवस्तापसजना
जनो मिथ्यावादी विरलतरवृष्टिर्जलधरः ।

प्रगन्नो मीचानामवनिगतयो दुग्ट मनगो,
जना भ्रष्टा नष्टा अहह ! कलिकाल प्रभवति ।।

अथ—आण्नय है कि उस कलिकाल के प्रभाव से देश मे दमन नही रहा, साधु-सन्यासी कपट-क्रिया मे निपुण हो गये, लोग असत्यमार्गी हो गये मेघ थोडे बरसने लगे, नीचो का अवसर बढ गया, राजा बुरी नीति वाले हो गये सब लोग प्राय नष्ट-भ्रष्ट हो गये।

धर्म प्रव्रजितस्तप प्रचलित सत्य च दूरं गत
पृथ्वी मन्दफला नराश्च कुटिला लोभ गतास्तापसा ।
राजानोऽर्थपरा न रक्षणपरा पुत्रा पितुर्द्वेषिण,
साधु सीदति दुर्जन प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे ।।

अर्थ—इस बुरे कलियुग मे, धम ने तो सन्यास ले लिया, तप विचलित हो गया, सत्य दूर चला गया, पृथ्वी मन्दफल वाली हो गई, मनुष्य कुटिल हो गये एव उनके मन मे दुष्टता भर गई, राजा प्रजा के रक्षक न होकर धन के लोभी बन गये और पुत्र पिता के द्वेषी बन गये। आज सज्जन दु ख पा रहे है और दुजन शक्तिशाली बन रहे है।

सदय हृदय यस्य, भाषित सत्य भूषित ।
काय परहिते यस्य, कलिस्तस्य करोति किम् ।।

दयायुक्त जिसका हृदय है और वचन सत्य से भूषित है,
शरीर परोपकार मे लगा है, कलियुग उसका क्या कर सकता है ?

— पद्य —

समझणहार सुजान, नर अवसर चूके नहिं,
अवसर रो अहसान, रहै घणा दिन राजिया । "सोरठा सग्रह

नव भी मरग्या, दस भी मर गया, मर गया सहस अट्ठासी ।
तैंतीस करोड देवता मर गया, अजब काल की फासी ।।

काल करे सो आज कर, आज करे सो अब ।
पल मे परलय होयगी, बहुरि करेगो कब ।।
सातो शब्दज बाजते, घर घर होते राग ।
ते मदिर खाली पडे, बैठन लागे काग ।।
परदा रहती पद्मिनी, रखती कुल की आन ।
छढी जो पहुँची काल की, डेरा हुआ मसान ।
काल मरे तो आज मर, आज मरे तो अब ।
इन्धन पै राशन भयो, फेर मरेगो कब ।।

राजस्थानी दोहा

सूली ऊपर घर करे विष का करे आहार ।
काल उसका क्या करे, जो आठ पहर होशियार ।।

चाहत है धन होय किसी विध, तो सब काज सरे जियराजी ।
गेह चुनाय करु गहना कछु, ब्याहि सुता सुत बांटिये भाजी ।।

चिन्तत यो दिन जाहि चले, जम आय अचानक देत दगाजी ।
खेलते खेल खिलाडी गये, रह जाय रूपी शतरज की बाजी ।।

दरिद्र का इलाज कीजे, वेद को बुलाय लीजे,
रोगी का इलाज कीजे दीजे पाणी दालका,
राडका इलाज कीजे बीच मे विश्राम लीजे,
राजका इलाज कीजे दीजे लोभ माल का,
भाईका इलाज कीजे मीठा वयण बोल लीजे,
दुर्जन का इलाज कीजे देदे ओटा ढालका,
कहे कवि माधोदास कबलग करू बखाण,
सबका इलाज पण इलाज नहि कालका ।।

सेवा

मौनान्मूक प्रवचन पटुश्चाटुको जल्पको वा ।
धृष्ट पार्श्वे वसति च यदा दूरतश्चाप्रगल्भ ।।
क्षान्त्या भीरुर्यदि न सहते प्रायशो नाभिजात ।
सेवाधर्म परम गहनो, योगिनामप्यगम्य ।।

अर्थ—सेवक यदि मौन रखे तो मूक बोलने मे चतुर हो तो बातूनी या वाचाल, पास मे रहे तो ढीठ, दूर रहे तो मूर्ख, सहनशील हो तो डरपोक और सहन न करे तो प्राय अकुलीन कहा जाता है। यत सेवा धर्म अत्यन्त कठिन है और योगियो के लिए भी अगम्य है, कठिन है।

अत्यासन्ना विनाशाय, दूरस्था न फलप्रदा ।
सेव्यन्ता मध्य भावेन, राजावह्नि गुरु स्त्रिय ।।

अर्थ—राजा, अग्नि, गुरु, स्त्री, इनकी सेवा दूर रह कर करने से फलप्रद नही होती है और पास रहकर करने से विनाश का कारण बनती है। अत मध्यम भाव से इनकी सेवा करनी चाहिये।

अग्निराप स्त्रियो मूर्ख सर्पो राज कुलानिच ।
नित्य यत्नेन सेव्यानि, सद्य प्राण हराणि षट् ।।

अर्थ—अग्नि जल, स्त्री मूर्ख, सर्प और राजवशीय ये सद्य प्राण हरण करने वाले है, अत इनकी सेवा सावधानी पूर्वक करनी चाहिये।

वेयावच्च नियय करेह, उत्तर गुणे धरित्ताण ।
सव्व किल पडिवाई, वेयावच्च अपडिवाई ।।

"ओघटीका"

अर्थ—उत्तम गुण धारण करने वालो की नियत सेवा करो । और सब गुण मन से निकल जाते, पर सेवा गुण कभी भुलाया नही जाता ।

बाल वृद्ध यतीनाञ्च, रोगिणा यद् विधीयते ।
स्वशक्त्या यत्प्रतीकारो, वैयावृत्य तदुच्यते ।।

अर्थ—बाल वृद्ध एव रोगी साधु जनो की शक्ति भर, पीडा का प्रतीकार करना ही सेवा कही जाती है ।

पृष्ठत सेवयेदर्क, जठरेण हुताशनम् ।
स्वामिन सर्व भावेन, परलोकममायया ।।

अर्थ—सूर्य का सेवन पीठ से करें और आग का पेटसे, स्वामी की सेवा सभी भावो से तथा परलोक की सेवा मायारहित होकर करें ।

— पद्य —

पतन की सेवा किये, प्रभु रीझत है आप
जाके बाल खिलाइए, उसका रीझत बाप ।

किसी दुनिया के वन्दे को, अगर शौके-शहादत हो ।
तो उसका काम दुनिया मे, सदा इन्सा की खिदमत हो ।

वही है जिन्दगी जो, नाम पाती है भलाई मे ।
खुदी को छोड कर जो, पहुँच जाती खुदाई मे ।

सेवा से पापी सुधरे, शुभ पुण्य खजाना भरता है,
नदिषेण और बाहु बली का अनुपम सुख बल पाता है ।

खिदमत करूँ मैं सबकी, खिदमत गुजार बन कर।
दुश्मन के भी न खटकूँ, आँखों में खार बनकर॥

तमन्ना दर्दे दिल की हो तो, कर खिदमत फकीरों की,
नहीं मिलता है यह गौहर, बादशाहों के खजाने में।

— सूक्ति —

सेवा में चाहे जैसी भी कठिनाई प्रतीत हो मगर परिणाम उसका मधुर होता है।

गुरु की सेवा से ही विद्या प्राप्त होती और मूर्ख विद्वान् हो जाता है।

शरीर स्वस्थ हो तो सेवा में बहुत बड़ा लाभ उठाया जा सकता है।

सेवा और अहं का कभी साथ नहीं रहता।

मोक्ष

दोसा जेरा निरु भति जेरा खिज्जति पुव्व कम्माइ ।
सोसो मोक्खोवाम्रो रोगावत्थासु समरा व ।।

अर्थ—जिस किसी क्रिया से रागादि दोषो का निरोध होता हो तथा पूर्व सचित कर्म क्षीरा होते हो, वे सव मोक्ष के साधक उपाय है। जैसे कि रोग को शान्त करने वाला प्रत्येक अनुष्ठान चिकित्सा के रूप मे आरोग्यप्रद है।

नाशाम्वरत्वे न सिताम्वरत्वे, न तर्कवादे नच तत्ववादे ।
न पक्ष सेवाश्रयरोन मुक्ति, कपाय मुक्ति किलमुक्तिरेव ।
"हरिभद्रसूरि"

अर्थ—मुक्ति न तो दिगम्वरत्व मे है न श्वेताम्वरत्व मे, न तर्कवाद मे और न तत्त्ववाद मे न एक पक्ष की सेवा करने मे है। वास्तव मे क्रोधादि कपायो मे मुक्त होना ही मच्चा मोक्ष है।

न तद्भासयते सूर्यो, न शशाङ्को न पावक ।
यद्गत्वा न निवर्तन्ते, तद्धाम परम मम ।। "गीता"

अथ—जिम परमपद को न तो सूर्य प्रकाशित कर मकता है, न चन्द्रमा और न अग्नि तथा जहा जाकर मनुष्य पुन ममार मे नही लौटता, वह मेरा परम धाम याने मोक्ष है।

धर्माख्याने श्मशाने च, रोगिणां या मतिर्भवेत्,
सा चेत् सर्वदा तिष्ठेत, को न मुच्येत बन्धनात् ।

अर्थ—धर्म कथन मे, श्मशान मे तथा रुग्णावस्था मे जो बुद्धि होती है, वह यदि सर्वदा बनी रहे तो कौन बन्ध से मुक्त नही हो सकता ?

— पद्य —

ढूढा सब जहान मे, पाया पता तेरा नही ।
जब पता तेरा मिला, तो अब पता मेरा नही ॥

खुदी जब तक रहे इन्सान मे, उसको नही पाता ।
यह पर्दा उठ गया दिल से, तो वह पर्दानशी पाया ॥

—सूक्ति—

काय से मुक्त होने पर जो आनन्द आता है, मुक्त होने का आनन्द उससे अनन्त गुण बढकर होता है ।

मोक्ष पाने पर आत्मा अपने परमात्म स्वरूप मे समा जाता है ।

साधनाओ का जहाँ अन्त होता है, मोक्ष का आरभ वही से होता है ।

साध्य, साधन एव सिद्धि का समन्वय ही सच्चा मोक्ष है ।

— — — —

मानव

पात्रे त्यागी गुणे रागी, भोगी परिजनै सह ।
शास्त्रे बोद्धा रणे योद्धा, पुरुष पञ्चलक्षण ।।

"सुभाषित"

अर्थ—पात्र को देने वाला, गुणो का अनुरागी, परिजनो के साथ वस्तु का उपभोग करने वाला, शास्त्रज्ञ, युद्ध करने मे वीर, पुरुष के ये पाच लक्षण हैं ।

स्वर्ण स्थाले क्षिपतिस रज', पाद शौच विधत्त,
पीयूषेण प्रवरकरिण, वाहयत्येन्धभारम् ।
चिन्तारत्न विकरति कराद् वायसोड्डायनार्थ,
यो दुष्प्राप्य गमयति मुधा, मर्त्य जन्म प्रमत्त ।।

"सिंदूर प्रकरण"

अर्थ—जो प्रमत्त व्यक्ति आलस्य के वश, दुर्लभ मनुष्य जन्म को व्यर्थ गवा रहा है, वह अज्ञानी नर सोने के थाल मे मिट्टी भर रहा है, अमृत से पैर धो रहा है, श्रेष्ठ हाथी पर ईन्धन ढो रहा है और चिन्तामणि रत्न को काग उडाने मे फेंक रहा है ।

देवा विसय पसत्था, नेरयिया विविह दुक्ख सतत्ता ।
तिरिया विवेक विगला, मणुयाण धम्म सामग्गी ।।

अर्थ—देवगण विषयो मे लीन है और नारकीय विविध दु खो से सतप्त हैं । तिर्यंच् विवेक-विकल है । केवल मनुष्यो को धर्म सामग्री प्राप्त है ।

धर्माख्याने श्मशाने च, रोगिणां या मतिर्भवेत्,
सा चेत् सर्वदा तिष्ठेत्, को न मुच्येत बन्धनात् ।

अर्थ—धर्म कथन में, श्मशान में तथा रुग्णावस्था में जो बुद्धि होती है, वह यदि सर्वदा बनी रहे तो कौन बन्ध से मुक्त नहीं हो सकता ?

— पद्य —

ढूंढा सब जहान में पाया पता तेरा नहीं ।
जब पता तेरा मिला, तो अब पता मेरा नहीं ।।

खुदी जब तक रहे इन्सान में, उसको नहीं पाता ।
यह पर्दा उठ गया दिल से, तो वह पर्दानशीं पाया ।।

—सूक्ति—

कार्य से मुक्त होने पर जो आनन्द आता है, मुक्त होने का आनन्द उससे अनन्त गुण बढकर होता है ।

मोक्ष पाने पर आत्मा अपने परमात्म स्वरूप में समा जाता है ।

साधनाओं का जहाँ अन्त होता है, मोक्ष का आरंभ वहीं से होता है ।

साध्य, साधन एवं सिद्धि का समन्वय ही सच्चा मोक्ष है ।

पात्रे त्यागी गुणे रागी, भोगी परिजनै सह ।
शास्त्रे बोद्धा रणे योद्धा, पुरुष पञ्चलक्षण ।।

"सुभाषित"

अर्थ—पात्र को देने वाला, गुणो का अनुरागी, परिजनो के साथ वस्तु का उपभोग करने वाला, शास्त्रज्ञ, युद्ध करने में वीर, पुरुप के ये पाच लक्षण है ।

स्वर्ण स्थाले क्षिपतिस रज, पाद शौच विधत्त,
पीयूषेण प्रवरकरिण, वाहयत्येन्धभारम् ।
चिन्तारत्न विकरति कराद् वायसोड्डायनार्थ,
यो दुष्प्राप्य गमयति मुधा, मर्त्य जन्म प्रमत्त ।।

"सिंदूर प्रकरण"

अर्थ—जो प्रमत्त व्यक्ति आलस्य के वश, दुर्लभ मनुष्य जन्म को व्यर्थ गवा रहा है, वह अज्ञानी नर सोने के थाल मे मिट्टी भर रहा है, अमृत से पैर धो रहा है, श्रेष्ठ हाथी पर ईन्धन ढो रहा है और चिन्तामणि रत्न को काग उडाने मे फेंक रहा है ।

देवा विसय पसत्था, नेरयिया विविह दुक्ख सतत्ता ।
तिरिया विवेक विगला, मणुयाण धम्म सामग्गी ।।

अर्थ—देवगण विपयो मे लीन है और नारकीय विविध दु खो से सतप्त है । तिर्यंच् विवेक-विकल है । केवल मनुष्यो को धर्म सामग्री प्राप्त है ।

भुक्तं स्वादुरसं द्विजेन्द्र भवने श्री ब्रह्मदत्तस्ययत्,
क्षेत्रेऽस्मिन् भरतेऽखिले प्रतिगृहे भुक्त्वा पुनस्तद्गृहे ।
जातं तस्य यथा मनोऽभिलषितं तद् भोजनं दुर्लभं,
संसारे भ्रमतः पुनर्नरभवो जन्तोस्तथा दुर्लभः ।।

अर्थ—द्विजेन्द्र श्री ब्रह्मदत्त के भवन में जो अत्यन्त स्वादिष्ट रस युक्त भोजन किया, इस सारे भरत क्षेत्र के प्रतिगृह में भोजन करके फिर उसके घर में वह मनोनुकूल भोजन जैसे दुर्लभ है, वैसे ही सारे संसार में भ्रमण करते हुए प्राणी को पुनः नरभव की प्राप्ति दुर्लभ है ।

नरेषु चक्री त्रिदशेषु वज्री, मृगेषु सिंहः, प्रशमो व्रतेषु,
मतो महीभृत्सु सुवर्ण शैलो भवेषु मानुष्यभवः प्रधानम् ।

अर्थ—मनुष्यों में चक्रवर्ती, देवों में इन्द्र, मृगों में सिंह, व्रतों में शान्ति, पहाड़ों में सुमेरु और भवों में मनुष्य भव प्रधान है ।

पूरीषं सूकरः पूर्वं ततो मदनं गर्दभः, ।
जरा जरद्गवः पश्चात्, कदापि न पुमान् पुमान् ।।

अर्थ—पहले विष्ठा भोजी सूअर, बाद में कामी गधा, पश्चात् बूढ़ा बैल किन्तु मनुष्य कभी मनुष्य नहीं हो सकता ।

बाल्ये मूत्र पुरीषेण, यौवने रति चेष्टितैः ।
वार्धकके श्वास-कासाद्यै जनो जातु न लज्जते ।।

अर्थ—बाल्यावस्था में मूत्र और विष्ठा से, जवानी में रति-काम चेष्टाओं से और बुढ़ापे में श्वास और खासी आदि से पीड़ित होकर भी मनुष्य शर्म नहीं करता है ।

सूचोभिरग्निवर्णाभि, भिन्नस्य प्रतिरोमयत् ।
दु ख नरस्याष्टगुण, तद्भवेद् गर्भवासिन ।।

अर्थ—अग्नि वर्ण वाली सूई से प्रतिरोम छेदे जाने पर जो दु ख मनुष्य को होता है, उससे आठ गुणा वढकर गर्भवास मे होता है ।

धन प्राप्य दत्त मया नो सुपात्रे, अधीत न शास्त्र मयाभूरिबुद्धौ ।
तप सद्बले नोकृत नोपवासे, गत हा, गत हा, गत हा गत हा ।।

अर्थ—धन पाकर हमने सुपात्र मे नही दिया, वहुत बुद्धि के होने पर भी मैने शास्त्र का अध्ययन नही किया, सद्बल होने पर भी तप और उपवास नही किया, इस तरह हाय ! मेरा सव कुछ चला गया ।

सोपानभूत मोक्षस्य, मानुष्य प्राप्य दुर्लभम् ।
यस्तारयति नात्मान, तस्मात् पापतरोऽत्रक ।

अर्थ—जो मोक्ष की सीढी रूप अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर भी अपना कल्याण नही करता, उससे वढकर यहा पापी और कौन है ?

-- पद्य -

वडे भाग मानुप तन पावा, सुर दुर्लभ सव ग्रन्थहि गावा ।

आभूपण नर देह का, एक पर उपकार है ।
हार को भूपण कहे, उस बुद्धि को धिक्कार है ।

जिसको न निज गौरव तथा, निज देश का अभिमान है ।
वह नर नही पशु नर निरा है, औरमृतक समान है ।

जो फरिश्ते करते है, कर सकता इन्सान भी।
पर फरिश्तो से न हो, जो काम है इन्सान का।

हो न कुछ इन्सानियत, इन्सा मे फिर इन्सान क्या।
ऐ जफर गर्चे हुआ जाहिर मे वह इन्सा की शक्ल॥

दर्दे दिल पासेवफा, जजबए-ईमा होना।
आदमीयत है यही, औ यही इन्सा होना॥

याचना

तावत् गुणा गुरुत्वच, यावन्नार्थयते परम् ।
अर्थी चेत् पुरुषो जात , क्वगुणा , क्वच् गौरवम् ॥
"ब्रह्मपुराण"

अर्थ—मनुष्य के गुण और गौरव तभी तक सुरक्षित रहते हैं, जब तक कि वह किसी से कुछ याचना नही करता। याचक बन जाने पर कहाँ गौरव और गुण ? अर्थात् कुछ भी नही रहते ।

दारिद्रस्य परामूर्ति, यान्चा न द्रविणाल्पता ।
अपि कौपीनवान् शभुस्तथापि परमेश्वर ॥ 'भोजप्रबन्ध'

अर्थ—दरिद्रा की बडी मूर्ति गरीबी, धन की कमी नहीं याचना-माँगना है। शिवजी कौपीनधारी होने पर भी परमेश्वर माने जाते है।

गतिभ्रशो, मुखेदैन्य गात्रे स्वेदो विवर्णता ।
मरणेयानि चिन्हानि, तानि चिह्नानि याचके ॥

अर्थ—याचक की गति गडबडा जाती है, मुख पर दीनता छा जाती है, शरीर मे पसीना आ जाता हैं और वर्ण-रग बदल जाता है। मरने के जो चिन्ह होते है, वे सभी चिन्ह याचक मे दिखाई देने लगते है।

जात वशे भुवन विदिते पुष्करावर्तकाना,
जानामित्वा प्रकृति पुरुष कामरूप मघोन. ।
तेनार्ऽथित्व त्वयि विधिवशाद्दूर बधुर्गतोऽह,
यान्चा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा । 'मेघदूत'

अर्थ—हे मेघ ! तुम विश्व विख्यात पुष्कर और आवर्तक के वश मे उत्पन्न

— पद्य —

रहिमन वे नर मरिचुके, जो कहु मागन जाहि ।
उनते पहले वे मुए, जिन मुख निकसत नाहि ॥

रहिमन याचकता गहे बड़े छोट ह्वै जात ।
नारायण को हू भयो, बावन अंगुर गात ॥ "रहीम"

बुरो प्रीति को पथ, बुरो जंगल को बासो ।
बुरो नार को नेह, बुरो मूरख सो हासो ॥
बुरी सूम की सेव, बुरो भगिनीघर भाई ।
बुरी कुलच्छन नार सास घर बुरो जमाई ॥
बुरो पेट पपाल है, बुरो युद्ध से भागनो ।
गग कहे अकबर सुनो, सबसे बुरो है मागनो ॥ 'गग'

आब गया आदर गया, नैनन गया सनेहु ।
ये तीनो तब ही गए, जब ही कहा कछु देहु ॥ 'कबीर"

बिन मागे सो दूध बराबर, मागो मिलै सो पानी ।
कहै कबीर सो रक्त बराबर, जामे खीचा तानी ॥

———

स्नेह या प्रेम

दर्शने स्पर्शने वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
हृदयस्य द्रवत्व यत् तत्प्रेम इति कथ्यते ॥

अर्थ—देखने मे या छूने मे, सुनने या बोलने मे हृदय का पिघलना ही प्रेम कहाता है।

ददाति प्रतिगृह्णाति, गुह्यमाख्याति पृच्छति।
भुङ्क्ते भोजयते चैव षड्विध प्रीतिलक्षणम् ॥

अर्थ—देना और लेना, गुप्त बातें कहना और सुनना खाना और खिलाना, प्रेम के ये छ लक्षण हैं।

प्रेम सत्य तयोरेव, ययोर्योग वियोगयो।
वत्सरा वासरीयन्ति, वत्सरीयन्ति वासरा ॥

"चन्द्रचरित्र"

अर्थ—वास्तविक प्रेम उन्ही दोनो का है जिनके मिलने और बिछुड़ने मे वर्ष दिन के समान और दिन वर्ष के समान प्रतीत होने लगते हैं।

अहो! साहजिक प्रेम दूरादपि विराजते।
चकोर नयन द्वन्द्व, माह्लादयति चन्द्रमा ॥

अर्थ—अहो! सहज प्रेम दूर मे भी चमक उठता है, चकोर के नयन युगल को चन्द्रमा कितनी दूर से आह्लादित करता है।

अवज्ञा त्रुटितं प्रेम, सुसधातु क ईश्वर ।
सन्धितं स्फुटितं याति, लाक्षालेपेन मौक्तिकम् ।।

अर्थ—अपमान से टूटे हुए प्रेम को कौन जोड़ सकता है ? फूटा मोती लाख के लेप से नही जुड़ता ।

पद्य

प्रेम छिपाये ना छिपे, जाघट परगट होय ।
जो पै मुख बोले नही, नैन देत है रोय ।।   "कबीर"

प्रीति सीखिये ईख ते, पोर पोर रस खान ।
जहा गाठ तह रस नही, यही नीति की बान ।

जैसो बन्धन प्रेम को, तैसो बध न और ।
काठहि भेदे कमल को, छेद न निकले भौर ।।   'वृन्द'

प्रीति करै सो बावरो, कर तोडे सो क्रूर ।
प्रीति करी आजन्म लो, लेय निभै सो शूर ।।

चाखा चाहे प्रेम रस, राखा चाहे मान ।
एक म्यान मे खड्ग दो, देखा सुना न कान ।।
प्रीति जहा पर्दा नही, पर्दा वहा न प्रीति ।
प्रीति करे पर्दा रखे, है यह रीति कुरीति ।

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोडहु तटकाय ।
टूटे से फिर ना मिले, मिलत गाठ पडि जाय ।।

मुहब्बत नही आग से खेलना है, लगाना पडेगा, बुझाना पडेगा ।

"आरजू"

यह प्रेम को पथ कराल महा, तलवार की धार पैंधावनो है ।

"बोधा"

प्रेम पयोनिधि मे धसिके, हसिके कढ़िवो पुनि खेल नही है ।

पद्माकर

— सूक्ति —

प्रेम के वश मे शत्रु भी मित्र वन जाते हैं ।
प्रेम ससार की अनमोल वस्तु है ।

जो शुद्ध प्रेम करना नही जानता, वह मानव नही ।

प्रेम का प्रभाव सब पर पडता है ।

२६

मूर्ख

मूर्ख—

मूर्खत्व हि सखे ! ममापि रुचित, यस्मिन् यदष्टौगुणा,
निश्चिन्तो बहुभोजनोऽत्रपमना नक्त-दिवाशायक ।
कार्याकार्य विचारणान्ध बधिरो मानापमाने सम
प्रायेणामयवर्जितो दृढवपु मूर्ख मुख जीवति ।।

अर्थ—हे मित्र ! मुझ भी मूर्खता अच्छी लगती है। जिसमे आठ गुण है। (१) मूर्ख व्यक्ति निश्चिन्त रहता है (२) बहुत खाता है (३) उसके लाज शर्म नही होती, (४) वह रात दिन पडा रहता है, (५) कार्य-अकार्य का विचार करने मे अन्ध-बधिर होता है, (६) मान अपमान मे एक सा होता है (७) नीरोग होता है, (८) मजबूत शरीर वाला होता है, अत वह सुख से जीता है।

गत न शोचामि कृत न मन्ये, खाद न गच्छामि हस न जल्पे ।
द्वाभ्या तृतीयो न भवामि राजन् किं कारण भोज भवामि मूढ ।।

अर्थ—मै गए को नही सोचता और किये को नही मानता, खाते हुए नही चलता और हसते हुए नही बोलता हूँ। मै दो के बीच मे तीसरा नही बनता फिर क्या कारण कि हे भोज ! मैं मूढ होऊ ?

शक्यो वारयितु जलेन हुतभुक् छत्रेण सूर्यातपो,
नागेन्द्रो निशिताङ्कुशेन ममदो दण्डेनगो-गर्दभौ।
व्याधिर्भेषजसग्रहश्च विविधैर्मन्त्रप्रयोगैर्विष,
सर्वस्यौषधमस्ति, शास्त्रविहित, मूर्खस्य नास्त्यौषधम ।।

भर्तृहरि-नीतिशतक

अर्थ—अग्नि को जल से, धूप को छत्ते से, मस्त हाथी को तीखे अकुश से, गाय एव गधे को डण्डे से, बीमारी को औपधियो मे तथा विप को विविध मन्त्रो के प्रयोग से दूर किया जा सकता है। शास्त्रो मे सबकी दवाइया बताई गयी है, लेकिन मूर्ख की कोई दवा नही बताई गई।

नमति फलिनो वृक्षा नमन्ति गुणिनोजनाः।
शुष्क काष्ठश्च मूर्खाश्च न नमन्ति कदाचन् ।।

अर्थ—फल वाले वृक्ष झुकते है और गुणीजन भी झुकते है किन्तु सूखे काठ और मूर्ख कभी भी नही झुकते।

अजातमृत मूर्खाणा, वरमाद्यौ न चान्तिम ।
सकृद् खकरावाद्या, वन्तिमस्तु पदे पदे ।।

अथ – नही उत्पन्न, मृत और मूर्ख इनमे पहला दोनो ठीक है, अन्तिम नही। आदि के दोनो तो एकबार ही दु ख देने वाले होते है, किन्तु अन्तिम तो पद पद मे दु ख देता है।

वर दरिद्रोऽपि विचक्षणो नरो, नैवार्थ युक्तोऽपि सुशास्त्रवर्जित ।
विचक्षण कार्पटिकोऽपि शोभते, न चापि मूर्ख कनकैरलकृत ।।

अथ विद्वान् दरिद्र भी श्रेष्ठ है किन्तु अथ युक्त भी सुशास्त्र रहित श्रेष्ठ नही है विचक्षण कौडी वाला (भिखारी) भी शोभिता है किन्तु स्वर्णालकृत मूख नही।

— पद्य —

बिन तेड्यो घर जाय, बिन बतलायो बोले,
बिन मौके हग देत, बिन पर्योजन डोले।
बिना दिया सम्मान जा बैठे आगेरो,
बैठे अग भिडाय फिर फिर खावे फेरो।
चाले रस्ते ग्रावतो, गुप्त बात चौटे कहे,
बैताल कहे विक्रम सुनो 'मूरख' छाना किम रहे॥
अति घसिया सू ऊपजे, चन्दन में भी आग।
ज्यादा क्रोध चढावनो, मूरख की है जात॥
बुद्धि बिन करे व्यापार, दृष्टि बिन नाव चलावे।
सुर बिन गावे गीत, अर्थ बिन नाच नचावे।
गुण बिन जाय विदेश, अक्ल, बिन चतुर कहावे।
बल बिन बाधे युद्ध, होस बिन हेत जनावे॥
बिन इच्छा करे बिन देखी कहे जो बात,
बेताल कहे विक्रम सुनो, यह है मूर्ख की जात॥

दान

तप पर कृतयुग, त्रेताया ज्ञानमुच्यते ।
द्वापरे यज्ञ मेवाहु—, र्दानमेक कलौयुगे ।। मनु०

अर्थ—सत्य युग मे तप, त्रेता युग मे ज्ञान, द्वापर युग मे यज्ञ और कलियुग मे दान उत्कृष्ट माना गया है,

कोन याति वशलोके, मुखे पिण्डेन पूरित ।
मृदङ्गोमुख लेपेन, करोति मधुर ध्वनिम् ।।

अर्थ—मुँह मे पिण्ड देने से कौन वश मे नही होता ? मृदग भी मुख पर लेप लगाने से मधुर बोलने लगता है ।

दान प्रिय वाकसहित, ज्ञानमार्जव क्षमान्वित शौर्यम् ।
वित्त त्याग नियुक्त, दुर्लभमेतत् चतुष्टय लोके ।।

अर्थ—मधुर वचन के सग दान, सरलता युक्त ज्ञान, क्षमा युक्त शौर्य, एव त्यागयुक्त धन ये चार इस लोक मे दुर्लभ है ।

श्रद्धया देय, अश्रद्धयादेय, श्रिया देय ।
ह्रिया देय, भियादेय सविदा देयम् ।।

"तैत्तरीय उपनिषद"

अर्थ—श्रद्धा से दान दो, अश्रद्धा से भी दो, अपनी सम्पत्ति से दो, लोक लाज से दो, भय से दो सविद समझदारी से दो ।

अनुकूले विधौदेय, यत पूरयिता हरि ।
प्रतिकूले विधौदग, यत मर्व हरिष्यति ।।

अर्थ– भाग्य की अनुकूलता में दान देना चाहिये, कारण ईश्वर मब कुछ पूरा करने वाले है। प्रतिकूल भाग्य में भी दान देना चाहिये, क्योंकि ईश कहीं सब हरण कर लेगा।

दान ख्याति कर मदाहितकर, ससार सौख्याकर।
नृणा प्रीतिकर गुणाश्रयकर, लक्ष्मीकर किंकरम् ।
स्वर्गावामकर मलक्षयकर निर्वाण सपति कर
वर्णायुर्बल बुद्धि वर्धनकर दान प्रदेय बुधै ।।

अर्थ—दान प्रसिद्ध करने वाला सदा हितकारी ससार मे सौख्य का खजाना मनुष्यों का प्रेमकारी, गुणाश्रय करने वाला, लक्ष्मी देने वाला तथा सेवक देने वाला, स्वर्ग का आवास करने वाला, मल को नष्ट करने वाला, मोक्ष सम्पदा को करने वाला, वर्ण आयु बल एवं बुद्धि को बढाने वाला है। अत बुधजन को दान देना चाहिये ।

तावत् प्रीतिर्भवल्लोके, यावद्दान प्रदीयते ।
वत्स क्षीर क्षय दृष्ट्वा, परित्यजति मातरम् ।।

अर्थ—लोक मे जब तक दान दिया जाता है, तभी तक प्रीति रहती है। दूध का नाश देखकर बछडा अपनी माता को छोड देता है।

दरिद्रान्भर कौन्तेय, मा प्रयच्छेश्वरेधनम् ।
व्याधितस्यौषध पथ्य, नीरुजस्य किमौषधै ।।

अर्थ—हे कौन्तेय! दरिद्रो का भरण करो, धनवानो को धन नही दो। रोगी के लिए औषध और पथ्य की आवश्यकता है नीरोगी को औषध से क्या ?

मरुस्थल्या यथावृष्टि, क्षुधार्ते भोजन तथा ।
दरिद्रे दीयते दान, सफल पाण्डुनन्दन ।।

अर्थ—हे पाण्डुनन्दन! मरुभूमि मे जैसे वर्षा प्यारी होती है, वैसे भूखो को भोजन भी प्यारा लगता है। दरिद्र मे दिया हुआ दान ही सफल होता है ।

दानेन भोगा सुलभाभवन्ति, दानेन वैराण्यपि यान्ति नाशम् ।
दानेन भूतानि वशीभवन्ति, तस्माद्धि दान सतत प्रदेयम् ।।

अर्थ—दान से भोग सुलभ होता है और दान के द्वारा वैर विरोध भी नष्ट हो जाते हैं। दान से जीव वश मे होते है। अत दान सतत देना चाहिये।

अर्था पादरजोऽमा गिरिनदी वेगोपम यौवन,
आयुष्य जललोल बिन्दु चपल, फेनोपम जीवनम् ।
दान यो न करोति निश्चलमति, भोग न भुंक्ते चय,
पश्चात्तापयुता जरा परिगत, शोकाग्निना दह्यते ।।

अर्थ—धन पैर की धूल के समान, पहाडी नदी के वेग की तरह जवानी, सुन्दर चपल बिन्दु की तरह आयु, फेन के समान जीवन, ऐसी स्थिति म जो दृढमन से दान नही करता और भोग नही भोगता वही बुढापा आने पर पश्चाताप करने शोकाग्नि मे जलता है।

दातव्यमिति यद्दान दीयतेऽनुपकारिणे ।
देशे काले च पात्रे च तद्दान सात्विक स्मृतम् ।।

अर्थ—जो दान देना है, वह अनुपकारी का देना चाहिये। देश काल और पात्र के ठीक होने पर जो दान दिया जाता है, वह सात्विक दान कहा गया है।

कुपात्र दानाच्च भवेद्दरिद्रो, दारिद्र्यदोषेण करोति पापम् ।
पाप प्रभावान्नरक प्रयाति, पुनर्दरिद्र पुनरेवरोगी ।।

अर्थ—कुपात्र दान से प्राणी दरिद्र होता है और दरिद्रता के दोष से पाप करता है तथा पाप के प्रभाव से नरक जाता है और फिर दरिद्र और रोगी होता है ।

व्याजेस्याद् द्विगुण वित्त, व्यवसाये चतुर्गुणम् ।
क्षेत्रेशतगुण प्रोक्त, पात्रेऽनन्त गुण स्मृतम् ।।

अर्थ—धन व्याज मे देने से दुगुणा, व्यापार मे देने से चौगुणा खेत मे देने से सौ गुणा और सुपात्र मे देने से अनन्त गुण कहा गया है ।

— पद्य —

दीन को दीजिए होत दया अरु, मित्र को दीजिए प्रीति बढावे ।
सेवक को दीजिए सेवा करे अरु शाह को दीजिए आदर पावे ।।
शत्रु को दीजिए वैर रहे नहिं, भाट को दीजिए कीर्ति को गावे ।
अभय सुपात्र मोक्ष के कारण, हाथ दियो 'मन' वृथा न जावे ।।

या धन की गति तीन है, दान भोग अरुनाश ।
दान भोग मे ना लगे, तो निश्चय होत विनाश ।।

जोड गया शिर फोड गया, गाड गया सो गवा गया ।
खाय गया सो खो गया, दे गया सो ले गया ।।

तुलसी जग मे आय के, कर दीजे दो काम ।
देने को टुकडा भला ! लेने को हरिनाम ।।

जननी जने तो ऐसा जन, के दाता के शूर ।
नही तो रहीजे वाझडी, मती गमाजे नूर ।।

पानी वाढे नाव मे, घर मे वाढे दाम ।
दोनो हाथ ऊलीचिए, यही सयानो काम ।।
चीडी चोच भर ले गयी, नदी न घटियो नीर ।
दान दिये धन ना घटे कह गए दास कबीर ।।

दे तो भावे भावना, लेतो करे सतोष ।
वीर कहे सुन गोयमा ! दोनो जावे मोक्ष ।।

एरन की चोरी करे, दे सुई का दान ।
ऊपर चढि के देखता, कब आये विमान ।।

दुनिया मे दाता घणा, आशा हित दे दान ।
"खूब" मोक्ष के हित दे, ते नर विरला जान ।।

"खूब" दान चौडे करे, अपनी महिमा काज ।
टुकडा भी देवे नही जो, द्वार खडा मोहताज ।।

शरीर सुख ने सपदा, विद्या ने वरनार ।
पूरवल्ला दत्ताव विना, भाग्या मिले न चार ।।

———

३१

भय

सत्त भय ट्ठाणे पण्णत्ते, तजहा-इहलोक भए,
परलोग भए, आदाण भए, अकम्हाभए, वेयणा भए
मरण भए, अमिलोग भए। 'स्थानाग''

अर्थ—सात प्रकार के भय है-इहलोक भय, परलोक भय आदान भय, अकस्मात् भय, वेदना भय, मरणभय अश्लोक-अपयश भय।

"पर्वताना भय वज्रात् पादपाना भय वातात्।"

अर्थ—पर्वतो को वज्र से भय है, और वृक्षो को वायु से भय है।

तावद् भयाद्भेतव्य यावद्भयमनागतम्।
आगत तु भय वीक्ष्य नर कुर्याद्-यथोचितम्॥

अर्थ—जब तक भय पास न आया हो, तभी तक उससे डरना चाहिये। किन्तु भय को आया देखकर मनुष्य को उसका यथोचित प्रतीकार करना चाहिये।

उत्थायोत्थाय वोद्धव्य, महद्‌भयमुपस्थितम् ।
मरणव्याधिशोकाना, किमद्य निपतिष्यति ।।

अथ—उठ उठ कर जानना चाहिये कि आज वडा भय आने वाला है जिसमे मरण, व्याधि और शोक मे कौन आयेगा ?

भय सत्रस्त मनसा हस्त पादादिका क्रिया ।
प्रवर्तन्ते न वाणी च, वेपथुश्चाधिको भवेत् ।।

अर्थ—भय से डरे व्यक्तियो की जीभ और हाथ पैर आदि अवयवो की क्रियाये वन्द हो जाती हैं तथा अधिक कपन होने लगता है ।

भीतो तव सजम पिहुमुएज्जा ।
भीतोय भर न नित्थरेज्जा ।। "प्र० व्याक०"

अर्थ—भयग्रस्त मनुप्य तप और सयम की साधना छोड वैठता है और न किमी वडे भार को निभा मकता है ।

ण भाइयव्व भीत खु भया अइति लहुय ।

अर्थ—भय से डरना नही चाहिये । भय ग्रस्त के पाम भय शीघ्र आते है ।

"भीतो अवितिज्जओ मणुस्सो ।" "प्र० व्याक०"

अथ—भयभीत मनुष्य किसी का सहायक नही होता ।

— पद्य —

भय विनु भाव न उपजे, भय विनु प्रीति न होय ।
जव हृदय ते भय गया निर्भय होय न कोय ।। कवीर

भयते भक्ति सब करे, भयते पूजा होय ।
भय पारस है जीवको, निर्भय होय न कोय ।

— सूक्ति —

भय का भय नही रहे तो मानवता को पशुता या दानवता मे बदलते कुछ भी देर नही लगे ।
भय नही तो निर्भयता कैसे?
सीमाबद्ध भय से समाज को लाभ ही मिलता है ।

सबसे बडा भय मृत्यु का है जिसके आगे किसी का कुछ नही चलता।

३२

चिन्ता

चिन्तया नश्यते रूप, चिन्तया नश्यते वलम् ।
चिन्तया नश्यते ज्ञान, व्याधिर्भवति चिन्तया ।।

अर्थ—चिन्ता से रूप, वल और ज्ञान का नाश होता है एव रोग की उत्पत्ति होती है।

चिता चिन्ता समा प्रोक्ता, विन्दु मात्र विशेषत ।
चिता दहति निर्जीव, चिन्ता सजीवमप्यहो ।।

अर्थ—चिता और चिंता समान हैं, केवल विन्दु मात्र का अन्तर है। चिता तो मुर्दे को जलाती है किन्तु चिन्ता सजीव को भी भस्म कर देती है।

उत्तमाध्यात्म चिन्ता च, मोह चिन्ता च मध्यमा ।
अधमा काम चिन्ता च पर चिन्ताधमाधमा ।।

अर्थ—अध्यात्म चिन्ता उत्तम है, मोह की चिन्ता मध्यम कामभोग की चिंता अधम और दूसरो की चिन्ता अधमाधम है।

चिन्ता जरा मनुष्याणा मनश्वा वाजिना जरा ।
असभोगो जरा स्त्रीणा, वस्त्राणामातपो जरा ।।

अर्थ—मनुष्यो के लिये चिन्ता जरा-बुढ़ापा है, घोडो के लिए नही घूमना जरा है, स्त्रियो के लिए असभोग जरा है और वस्त्रो के लिए धूप जरा है।

चिन्ता सम नास्ति शरीर शोषणम् ।।

अर्थ—चिन्ता के समान शरीर का शोषण करने वाली दूसरी कोई वस्तु नही है।

को वा ज्वर ? प्राग भृता हि चिन्ता" ,

अर्थ—जीवो के शरीर मे ज्वर क्या है? चिन्ता ।

— पद्य —

मुर्दे को भी मिलता है लकडी कपडा आग ।
जीवित हो चिन्ता करे, ताको बडो अभाग ।।

क्या तवगर क्या गुनी क्या पीर और क्या वालका ।
सबके दिल मे फिक्र है, दिन रात आटे दाल का ।

सोचिअ गृही जो मोहवस, करहि करम पथ त्याग ।
सोचिअ जती प्रपच रत, विगत विवेक विराग । 'रामचरित मानस

— सूक्ति —

जिस शरीर मे चिन्ता घुसती है, उसका नाश करके ही छोडती है

हम चाहे जितनी भी चिन्ता से बचने की कोशिश करे, किन्तु यह आये बिना नही रहती ।

वर्षो का पाला पोसा शरीर, चिन्ता से क्षण पल मे नि सत्व बन जाता है ।

चिन्ता करने से कोई लाभ नही होता, उल्टे सर्वनाश उपस्थित हो जाता है ।

पण्डित या विद्वान्

प्रस्ताव सदृश वाक्य प्रभाव सदृश प्रियम् ।
आत्म शक्ति समकोप, यो जानातिस पण्डित ॥ "चाणक्य"

अर्थ—जो प्रस्ताव के सदृश वाक्य, प्रभाव के अनुकूल प्रिय और आत्मबल के सदृश क्रोध को जानता है, वह पण्डित है ।

यस्य सर्वे समारम्भा काम सकल्प वर्जिता ।
ज्ञानाग्निदग्ध कर्माणि, तमाहु पण्डित बुधा ॥ गीता

अर्थ—जिसके सभी आरम्भ (कार्य) काम-सकल्प रहित हैं, एव जिसने ज्ञानाग्नि मे कर्मों को जला डाला है उसको बुधजनो ने पण्डित कहा है ।

